Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a Potato Board.

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): फर्रुखाबाद जनपद व् आस पास के जनपदों में एशिया का सर्वाधिक आलू उत्पादन होता है । आलू सब्जियों का राजा भी कहा जाता है । आलू ही ऐसी सब्जी है जो 365 दिन पूरे देश में सब्जी के रूप में उपयोग होता है । यदि आलू का उत्पादन कम हो जाये तो पूरे देश में अन्य सभी सब्जियों के दाम आसमान छू जाते हैं । जहॉ किसान पूरे देश को आलू सब्जी खिलाता है और अन्य सब्जियों के दाम भी नियंत्रित करता है वहीं आलू किसानों को उत्पादन का लाभकारी मूल्य न मिल पाने के कारण खून के आँसू रोना पड़ता है । आलू बोर्ड के गठन से भारत में आलू और आलू से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के समग्र विकास के क्षेत्र में प्रोत्साहन मिलेगा ।